भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: **287**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, **16** दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण,1946 (शक)

मल्ल राजा के संग्रहालय का प्रस्ताव

***287**. **श्री सौमित्र खान:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास बिष्णुपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) स्थलों को विकसित करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का मल्ल राजा के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की मल्ल राजा की मूर्ति स्थापित करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 16.12.2024 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 287 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण बिष्णुपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 29 स्मारकों/स्थलों सहित पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित 135 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार संरक्षण, जीर्णोद्धार और रख-रखाव संबंधी कार्य करता है।

(ख): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****